# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

**20th August 2024**



## खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण को खत्म करने के लिए परियोजना

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने हाल ही में नई दिल्ली में खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण को लेकर बढ़ती चिंता से निपटने के लिए एक नवोन्मेषी परियोजना आरंभ की।

### मुख्य बिंदु-

- ❖ यह परियोजना इस वर्ष मार्च में विभिन्न खाद्य उत्पादों में माइक्रो और नैनो-प्लास्टिक का पता लगाने के लिए विश्लेषणात्मक तरीकों को विकसित और मान्य करने के साथ-साथ भारत में उनकी व्याप्ति और जोखिम के स्तर का आकलन करने के लिए आरंभ की गई थी।
- ❖ परियोजना के प्राथमिक उद्देश्यों में **माइक्रो/नैनो-प्लास्टिक** विश्लेषण के लिए मानक प्रोटोकॉल विकसित करना, इंट्रा- और इंटर-लैबोरेटरी तुलना करना तथा उपभोक्ताओं के बीच माइक्रोप्लास्टिक जोखिम के स्तर पर महत्वपूर्ण डेटा तैयार करना शामिल है।
- ❖ यह अध्ययन देश भर के अग्रणी अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिनमें सीएसआईआर-**भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (लखनऊ), आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (कोच्चि) और बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (पिलानी)** शामिल हैं।
- ❖ यह परियोजना भारतीय खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण की सीमा को समझने में मदद करेगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रभावी विनियमन और सुरक्षा मानकों के निर्माण का मार्गदर्शन करेगी

**FSSAI के बारे में-**

- ❖ भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की स्थापना खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत की गई है।
- ❖ देश के खाद्य सुरक्षा नियामक के रूप में, एफएसएसएआई यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ भोजन की सुविधा प्राप्त हो।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

## किसानो की बात कार्यक्रम

केंद्र सरकार किसानों की पहुंच विज्ञान तक बनाने के लिए **रेडियो पर एक कार्यक्रम किसानों की बात** आरंभ करेगी।

### मुख्य बिंदु -

- ❖ यह कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर होगा।
- ❖ केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री के अनुसार यह कार्यक्रम सितंबर माह से शुरू होगा।
- ❖ **उद्देश्य:** इस पहल का उद्देश्य कृषि पद्धतियों का आधुनिकीकरण करना और किसानों को अत्याधुनिक वैज्ञानिक जानकारी से सशक्त बनाना है।

## चर्चित व्यक्तित्व - निधन

| | | |
|---|---|---|
| **राकेश पाल** | भारतीय तटरक्षक महानिदेशक राकेश पाल का **18 अगस्त** को चेन्नई में **59 वर्ष** की आयु में निधन हो गया।<br>वह एक आधिकारिक समारोह में भाग लेने के लिए चेन्नई में थे, तभी हृदयाघात से उनकी मृत्यु हो गई। |  |

## वैश्विक समसामयिकी

| | |
|---|---|
| **जापान** | ❖ हाल ही में जापान में शक्तिशाली तूफान **'एम्पिल'** ने दस्तक दी। एम्पिल तूफान जापान के पूर्वी तट से टकराया है।<br>❖ जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इसे शक्तिशाली और खतरनाक तूफान बताया है। तूफान की वजह से राजधानी **टोक्यो** सहित कई पूर्वी इलाकों में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। तूफान 216 किमी/घंटा की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।<br>❖ जापान में **मई से नवंबर तक** के महीने को **टाइफून सीजन** कहा जाता है। इस दौरान करीब 20 तूफान आते हैं। इसके चलते भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बाढ़ आ जाती है।<br>❖ टाइफून सीजन में भी **अगस्त-सितंबर** के महीने में सबसे ज्यादा तूफान आते हैं। एम्पिल तूफान **साल का सातवां तूफान** है। |
| **उज्बेकिस्तान** | ❖ **भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी**) ने दोनों देशों के बीच लेखापरीक्षा सहयोग बढ़ाने और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने के लिए **उज्बेकिस्तान के चैंबर ऑफ अकाउंट्स** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।<br>❖ दो सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच लेखा परीक्षा के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ाना है।<br>❖ समझौता ज्ञापन (एमओयू) लेखा परीक्षा करने की क्षमता विकसित करने के लिए लेखा परीक्षा पेशेवरों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक सहयोग मंच स्थापित करता है। |
| **इजरायल** | ❖ भारत और इजराइल ने आईआईटी-मद्रास में एक नए जल प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना के लिए संयुक्त आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए है।<br>❖ जल प्रौद्योगिकी केंद्र का लक्ष्य जल प्रौद्योगिकियों में नवाचार, अनुसंधान और क्षमता निर्माण का केंद्र बनना है, विशेष रूप से शहरी जल आपूर्ति के लिए टिकाऊ समाधानों पर ध्यान केंद्रित करना। |

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

| | |
|---|---|
| **जम्मू कश्मीर** | ❖ हाल ही में युवाओं में पुस्तक पढ़ने की आदत डालने के उद्देश्य से श्रीनगर के **शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर** (एसकेआईसीसी) में **'चिनार पुस्तक महोत्सव'** नामक एक सप्ताह तक चलने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू हुआ।<br>❖ यह महोत्सव नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) द्वारा आयोजित किया गया है।<br>❖ यह महोत्सव कश्मीर में अपनी तरह का पहला महोत्सव है। |
| **सिक्किम** | ❖ भारत के सिक्किम में फैम्बोंगलो वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पतिशास्त्री ने एक नई ऑर्किड प्रजाति, गैस्ट्रोडिया इंडिका, की खोज की।<br>❖ यह ऑर्किड इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि यह अपने फूल नहीं खोलता है, जो ऑर्किड के बीच एक |

| | |
|---|---|
| | दुर्लभ विशेषता है, जो इसे भारत में पहला ज्ञात **क्लिस्टोगैमस ऑर्किड** बनाता है।<br>❖ क्लिस्टोगैमस ऑर्किड ऐसे ऑर्किड होते हैं जो ऐसे फूल उत्पन्न करते हैं जो नहीं खुलते हैं, और स्व-परागण, या ऑटोगैमी के माध्यम से प्रजनन करते हैं। |

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

| | | |
|---|---|---|
| **विश्व फोटोग्राफी दिवस** | **19 अगस्त** | ❖ प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है।<br>❖ 19 अगस्त, 1839 को, फ्रांसीसी सरकार ने लुइस डागुएरे द्वारा डग्युरेरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी।<br>❖ **थीम -** "एक संपूर्ण दिन" |
| **विश्व मानवतावादी दिवस** | **19 अगस्त** | ❖ विश्व मानवतावादी दिवस लोगों की मदद करने वाले लोगों का वैश्विक दिवस है।<br>❖ संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2008 में स्थापित और पहली बार 2009 में मनाया गया।<br>❖ **2024 अभियान:** #ActForHuman. |

## खेल

टोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता **सुमित अंतिल** और शॉट-पुट स्टार **भाग्यश्री जाधव** पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

**मुख्य बिंदु -**

- ❖ सुमित पुरुषों की भाला फेंक एफ 64 श्रेणी में मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन हैं।
- ❖ दूसरी ओर, भाग्यश्री ने 2022 एशियाई पैरा खेलों में शॉट पुट एफ 34 श्रेणी में रजत पदक जीता और टोक्यो पैरालंपिक में सातवें स्थान पर रही। उन्होंने इस वर्ष मई में पैरा-एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में महिला शॉट पुट एफ 34 श्रेणी में भी रजत पदक जीता था।
- ❖ पैरालंपिक खेल **28 अगस्त से 8 सितंबर** तक होंगे।
- ❖ इन खेलों में **84 एथलीट** भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पैरालंपिक खेलों में देश का यह अब तक का सबसे बड़ा दल है।
- ❖ **आदर्श वाक्य** - गेम्स वाइड ओपन

❍❍❍❍